## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत 13 सितंबर को होगी

**कटनी।** 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इस नेशनल लोक अदालत में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इसके लिए लोक अदालत में समस्त प्रकार की तैयारी हेतु सर्व संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। नालसा द्वारा आयोजित नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किये जाने एवं लोक अदालत का प्रचार-प्रसार, आवश्यक व्यवस्था हेतु सर्व संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए हैं।

### स्वतंत्रता दिवस मनाने तैयारी बैठक 21 को

**कटनी।** आगामी 15 अगस्त को होने वाले स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह कार्यक्रम को सफल एवं सुचारू रूप से मनाये जाने हेतु कार्यक्रम की रूपरेखा व व्यवस्थाओं की तैयारी हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर सोमवार 21 जुलाई को दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट नवीन सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में संबंधित विभागों को स्वतंत्रता दिवस की संपूर्ण तैयारी की जानकारी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिये गए हैं।

### मुक्तिधाम को हरा भरा बनाने किया पौधारोपण



**उमरियापान।** मुक्तिधाम को हरा भरा बनाने की मुहिम को लेकर बड़ी बखरी उमरियापान चौरसिया समाज के लोंगो ने पौधारोपण किया। मुक्तिधाम में सामूहिक रूप से अलग अलग प्रजाति के 32 पौधों का रोपण किया। शिवकुमार चौरसिया ने बताया कि मुक्तिधाम में बीते वर्षों में भी पौधारोपण किया गया है। 44 पौधे अब भी जीवित है। यहाँ जन्मदिवस, सालगिरह, धार्मिक त्यौहारों पर भी पौधारोपण किया जाता है। पौधारोपण के दौरान मिकी चौरसिया, लकी चौरसिया, प्रदीप चौरसिया,भारती चौरसिया, संतू, अभिषेक, जित्तू, सौरभ अखिल, सुमित, वासू, सोनू, शिशु, पप्पू, गोलू चौरसिया सहित परिवार के अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

### नशा मुक्ति के लिए चलाया अभियान, दिलाई शपथ



**कटनी।** नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे से दूरी है जरूरी कार्यक्रम के तहत पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्म के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया तथा अनुविभागीय अधिकारी स्लीमनाबाद श्रीमती आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी स्लीमनाबाद अखलेश दाहिया द्वारा 17 जुलाई को सीएम राइस स्कूल में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों के बीच जाकर उन्हें नशे से दूरी है जरूरी विषय को समझाया गया, साथ ही नशे से होने वाली आर्थिक, शारीरिक, मानसिक व सामाजिक नुकसान को विस्तृत रूप से बच्चो के संवाद रखा गया। नशे से होने वाली दैनिक जीवन में आने वाली परेशानी को बच्चो से प्रश्नोत्तर के माध्यम से समझाया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। स्कूल में उपस्थित प्रधान अध्यापक, अध्यापकों ने नशा मुक्ति जागरूक अभियान का स्वागत करते हुए शपथ ली कि " न ही मैं नशा करूंगा न ही करने दूंगा, इससे अपने घर, परिवार, कुटुंब, समाज को बचाऊंगा। बच्चों को नशे से दूर रहने हेतु प्रेरणादाई विडियोज भी दिखाए गए एवं स्कूल के आस पास के पान गुटका के टपरा वालो को टपरा हटाने की सख्त हिदायत दी गई। इस दौरान स्कूल के बच्चे अध्यापकगण गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

---

### नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत पुलिस ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

# पुलिस ने दी सख्त हिदायत बच्चों को नशे की सामग्री बेची तो खैर नही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





नशे से होने वाले दुष्परिणामों से बच्चों एवं युवाओं को बचने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्कूलों में जाकर बच्चों को नशा नहीं करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके अलावा दुकानदारों को भी बच्चों को नशे की सामग्री नहीं बेचने की ताकीद दी जा रही है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं एएसपी संतोष डहरिया, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय उमराव सिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी रीठी निरीक्षक राखी पाण्डेय द्वारा सी.एम. राइस स्कूल परिसर के पास स्थित राजेश बर्मन की चाय की दुकान में जाकर समझाएं दी गई। राजेश बर्मन द्वारा दुकान में गुटका इत्यादि विक्रय करने हेतु रखा गया था जिसे अलग करवाया गया। शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय कस्बा की बाउंड्री से लगे दुकानों में गुटखा इत्यादि रखकर विक्रय करने वाले विक्रेताओं को भी समझाईश दी गई। इस दौरान निरीक्षक राखी पाण्डेय, उप निरीक्षक विनोद पटेल, स.उप. निरीक्षक चूड़ामणि पाण्डेय, प्रआर अजय मेहरा, आरक्षक अमन सिंह, जफर आदि की उपस्थिति रही।

### दी गई सख्त हिदायत

माधव नगर थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने अपनी टीम के साथ नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया एवं थाना क्षेत्र के स्कूलों के आसपास मौजूद पान ठेले वालों एवं टपरे वालों, तंबाकू विक्रेताओं को सख्त लहजे में बच्चों को नशे का सामान न बेचने की हिदायत दी। आपको बता दें कि पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे 15 दिवसीय नशा मुक्ति अभियान के तहत लोगों को नशे से दूर रहने एवं समाज को नशा मुक्त बनाने की दिशा में माधव नगर पुलिस लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। इसी क्रम में पूर्व में भी अभियान को सफल बनाने के लिए डीएवी एसीसी स्कूल में बच्चों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव की विस्तृत जानकारी दी गई एवं उन्हें व उनके परिजनों को नशे से दूर रहने की समझाइस दी गई। जागरूकता के साथ सतर्कता बरतते हुए स्कूल स्टाफ एवं बच्चों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई एवं आज यह भी प्रयास किए गए की स्कूल के आस पास मौजूद ठेले पान टपरों या फिर अन्य दुकानों से बच्चों को नशे का सामान न बेचा जाए।

माधव नगर थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने कहा कि पुलिस मुख्यालय की मंशा के अनुरूप पुलिस अधीक्षक श्री विश्वकर्मा के निर्देश पर अभियान चला कर जन जागरूकता फैलाने के प्रयास माधव नगर पुलिस के द्वारा किए जा रहे हैं।

---

# प्रौढ़ के साथ मारपीट कर बदमाशों ने 5 लाख लूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



बाइक सवार एक प्रौढ़ के साथ लूट की घटना हो गई। बदमाशों ने प्रौढ़ के साथ मारपीट करते हुए लाखों रूपए लूटे और फरार हो गए। घायल वृद्ध को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लूट की यह घटना बहोरीबंद थाना क्षेत्र में बीती शाम हुई। बताया जाता है कि प्रौढ़ जब भवन निर्माण कराने के लिए बैंक से रुपए निकाल कर घर वापस जा रहा था, इसी दौरान शाम लगभग 7:30 से 8 बजे के बीच ककरहटा पुल के पास 6 बदमाशों ने उसे रोक लिया और मारपीट करते हुए रुपए वाला बैग छीन लिया। घटना के बाद घायल वृद्ध को इलाज के लिए शासकीय जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बहोरीबंद पुलिस ने पीड़ित घायल के बयान दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

जानकारी के अनुसार पनागर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम इमलिया निवासी 56 वर्षीय हुकुम सिंह पिता भगवान सिंह ने कहा कि वह 15 जुलाई को घर से ढाई लाख रूपए लेकर सेंट्रल बैंक गया और वहां पर उसने बैंक से भी ढाई लाख रुपए भवन निर्माण के लिए निकलवाए। घर से लाए रुपए एवं बैंक से निकाले गए रुपए मिलाकर उसके पास कुल 5 लाख रुपए मौजूद थे। जब वह शाम 7:30 से 8:00 के बीच बहोरीबंद थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित अपने पैतृक ग्राम पाकर जा रहा था इसी दौरान ककरहटा पुल के पास 6 लोगों ने उसे रास्ते में रोक लिया और मारपीट करते हुए रूपयों से भरा बैग छीन कर भाग गए। मारपीट एवं लूटपाट का शिकार हुए वृद्ध को इलाज के लिए शासकीय जिला अस्पताल कटनी में भर्ती कराया गया है।

इस संबंध में बहोरीबंद थाना प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि पीड़ित सीधे शासकीय जिला अस्पताल कटनी में जाकर भर्ती हुआ था। अस्पताल चौकी से मेमोरेंडम प्राप्त होने के बाद जांच अधिकारी को बयान के लिए भेजा गया था। पीड़ित द्वारा दिए गए बयान विरोधाभासी प्रतीत हो रहे हैं। मामले को जांच में लिया गया है। जांच के आधार पर जो भी परिस्थितिया स्पष्ट होगी उस पर मामला दर्ज किया जाएगा।

---

*कुठला पुलिस ने की कार्यवाही, तीन तस्कर किये गए गिरफ्तार*

# पिकअप के की जा रही थी तस्करी, 4 लाख रूपए की अवैध शराब की जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





कुठला पुलिस ने शराब तस्करी के मामले में कार्यवाही की है। कुठला थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर एक बोलेरो पिकअप से 4 लाख रुपए की अवैध शराब जब्त की है। पुलिस ने वाहन में सवार तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। सीएसपी नेहा पच्चीसीय के अनुसार मुखबिर से सूचना मिलने पर कुठला थाने की पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने नेशनल हाईवे पर घेराबंदी कर पिकअप को रोका। वाहन की तलाशी में बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी और देशी शराब बरामद हुई। पुलिस अब जांच कर रही है कि शराब कहां से लाई गई थी और इसका गंतव्य कहां था। पकड़ी गई शराब और वाहन को थाने में रखा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी पर अंकुश लगने की उम्मीद है।

बताया जा रहा है कि पिकअप में वाहन चालक के अलावा दो अन्य लोग सवार थे और वे शराब की खेप विजयराघवगढ़ से लेकर कटनी आ रहे थे। इससे पहले कि वे शराब को ठिकाने तक पहुंचा पाते कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लमतरा ब्रिज के पास पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। सूत्र बताते हैं कि पिकअप क्रमांक एमपी 20 जीबी 8381 से चालक एवं उसके तीन अन्य सहयोगियों ने विजयराघवगढ़ से 75 पेटी अवैध शराब अपने वाहन में लोड की जिसकी कीमत लगभग 4 लाख रुपए बताई गई है।

---

## विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ



सिलोड़ी बालक हाई सेकेंडरी स्कूल में विकासखंडी खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच पंच भाई संतोष कुमार उप सरपंच राहुल राय नोडल अधिकारी विशाल वरकड़े, संकुल प्राचार्य चंद्रकला ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। हायर सेकंडरी स्कूल दशरमन, खमरिया बागरी, कछार गांव बड़ा, शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी के छात्र छात्रों ने खो खो प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें से बालक अनिकेत, सौरभ, शैलेश, अनुराग का चयन हुआ। इस दौरान शिक्षक तुलसी राम नामदेव, शिक्षक रविकांत राय, विजय हल्दकार सहित अतिथि शिक्षक शिक्षिका की उपस्थित रही

---

# स्लीमनाबाद संकुल में लगा शिविर तहसीलदार ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



स्कूलों में अध्ययन कार्य करने वाले विद्यार्थियों को परेशान न होना पड़े स्कूलों में ही जाति प्रमाण पत्र बन जाये इसके लिए बहोरीबंद विकासखंड में विशेष अभियान एसडीएम राकेश चौरसिया के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। गुरुवार को संकुल केंद्र स्लीमनाबाद में जाति प्रमाण पत्र बनाने राजस्व व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में शिविर आयोजित हुआ। जहाँ संकुल अंतर्गत आने वाले स्कूलों के विद्यार्थियों ने जाति प्रमाण पत्र बनवाने 405 आवेदन किए।

शिविर मै मौजूद अधिकारियो ने जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने को लेकर विद्यार्थियों के आवश्यक दस्तावेज जमा कराते हुए आवेदन फार्म पूर्ण किये। शिविर का निरीक्षण तहसीलदार सारिका रावत ने किया जिसमें तहसीलदार ने कहा कि शत प्रतिशत विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बने इसके लिए शाला प्रभारी जवाबदेही का निर्वहन करें ओर स्कूलों मै अध्ययनरत विद्यार्थियों का शिविर मै जाति प्रमाण पत्र बनवाने आवेदन करें।

इस दौरान बीआरसी प्रशांत मिश्रा, संकुल प्राचार्य डी के ठाकुर,वरिष्ठ शिक्षक दिलीप त्रिपाठी, सविनय तिवारी, सुनील यादव, हल्का पटवारी संजय बेन सहित शिक्षा विभाग व राजस्व विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

---

*समन्वय से काम करने अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश*

# संभागायुक्त ने स्लीमनाबाद अस्पताल व आँगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



जबलपुर संभागायुक्त धनजयं सिंह गुरुवार को जिले के दौरे पर थे जहाँ उन्होंने स्लीमनाबाद पहुंचकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व आँगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के तहत आँगनबाड़ी केंद्र में संभागायुक्त ने पोषण ट्रेकर एप की गतिविधि को देखा। साथ ही कुपोषित बच्चों को कैसे सुपोषित बनाना है इसपर भी जानकारी ली जिस पर परियोजना अधिकारी सतीश पटेल ने बिंदुवार जानकारी दी।

संभागायुक्त ने कहा कि ऑनलाइन जानकारी फीडिंग तो करें ही साथ रजिस्टर संधारण भी जरूर करें क्योंकि कभी कभी नेटवर्क समस्या, मोबाइल काम न करने के कारण ऑनलाइन फीडिंग नहीं हो पाती है तो रजिस्टर संधारण रहने से यही जानकारी बाद में काम आती है। इसके बाद स्लीमनाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचें, जहाँ उन्होने अस्पताल कि बहु मंजिला बिल्डिंग तो देखी लेकिन महज एक डॉक्टर के होने से कैसे स्वास्थ्य सुविधा मुहैया हो पाएंगी इस पर फोकस किया। संभागायुक्त ने कहा कि एक चिकित्सक के भरोसे कैसे स्वास्थ्य सुविधा मरीजों को मिल पायेगी यह विचारणीय विषय है। स्लीमनाबाद में पदस्थ स्वास्थ्य अमले को विभागीय जानकारियां ऑनलाइन फीडिंग के साथ रजिस्टर संधारण करने के आदेश दिए।

संभागायुक्त ने कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने व गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने महिला एवं बाल विकास विभाग व स्वास्थ्य विभाग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा।

इस दौरान कलेक्टर दिलीप यादव, जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत,एसडीएम राकेश चौरसिया, जनपद सीईओ अभिषेक कुमार, तहसीलदार सारिका रावत, परियोजना अधिकारी सतीश पटेल, बीएमओ डॉ आनंद अहिरवार, सहायक यंत्री अरविंद पटेल, थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया सहित अन्य अधिकारी -कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

## पर्यावरण के संरक्षण व संवर्धन के लिए सभी की सहभागिता होना जरूरी

# बहोरीबंद वन परिक्षेत्र में 3 लाख 70 हजार पौधे रोपित करेगा वन विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत गुरुवार को वन विभाग द्वारा आयोजित पौधेरोपण कार्यक्रम के तहत बहोरीबंद वन परिक्षेत्र की वीट पथराड़ी पिपरिया के कक्ष क्रमांक पी/221 मै विधायक प्रणय पांडेय के अध्यक्षता मै पौधेरोपण कार्यक्रम किया गया जिसमें विधायक के द्वारा जनप्रतिनिधियों कि उपस्थिति में पौधेरोपण किया।

विधायक प्रणय पांडेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधेरोपण होना जरुरी है। वर्तमान मे बढ़ते प्रकृति दोहन के कारण ग्लोबल वार्मिंग की समस्या उतपन्न हो रही है जिससे वर्षा भी पर्याप्त नही हो पा रही है। इसलिए पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन होने से वर्षा भी सही होगी। साथ ही पौधरोपण से आक्सीजन की कमी दूर होगी ओर भावी पीढ़ी सुरक्षित रहेगी। वृक्ष की परिकल्पना कोविड के समय देखने को मिल गई है बिना वृक्षो के जीवन संभव नही है। इसलिए अधिक से अधिक संख्या मे पौधेरोपित करें ताकि जीवन की प्राणवायु आक्सीजन मिलती है। शास्त्रों मे एक वृक्ष को सौ पुत्रों के सामान माना गया है। सभी के जीवन के लिए एक वृक्ष जरूरी है। इस अवसर पर न केवल पौधो को लगाने बल्कि उनकी देखभाल कर पेड़ बनने तक जिम्मेवारी लेने की बात कही तथा वन विभाग द्वारा किये जा रहे पौधरोपण अभियान की प्रशंसा की। साथ ही विधायक के द्वारा हरी-भरी हरियाली मय बहोरीबंद विधानसभा का स्लोगन दिया भी दिया गया।

वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेश गौतम ने कहा कि वन परिक्षेत्र बहोरीबंद अंतर्गत वन विभाग द्वारा लगभग 3 लाख 70 हजार पौधो का रोपण किया जायेगा जिसमे अभी तक 3 लाख 30 हजार पौधे रोपित किये जा चुके है जिसमें फलदार व छाया दार पौधे तो रोपित किये ही जा रहे साथ ही वन ओषधि पौधे आंवला, सुमेर, पीपल, बरगा, नीम, बडेरा जैसे पौधे भी रोपित किये जा रहे है। इस वर्ष विभाग की कोशिश है कि वृक्षारोपण को जन अभियान बनाया जाए तथा जन भागीदारी से पौधो को रोपण और रखरखाव किया जाए। पौधेरोपण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनमानस को कम से कम दो पौधे रोपित करने का संकल्प दिलाया गया।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेश गौतम, भाजपा जिला महामंत्री राजेश चौधरी, कमलेश सेन, वनपाल चंद्रशेखर नामदेव, कालीचरण गडारी, गुलाब प्रसाद तिवारी, वन रक्षक सुयोग्य उपाध्याय, राजेंद्र ठाकुर, आकाश जगाती, रोशन यादव, गोविंद मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि व वन अमले की उपस्थिति रही।

---

# पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक 22 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

श्रावण मास के अवसर पर बड़वारा नगर के समस्त नागरिकों व गणमान्य जनों तथा धर्म प्रेमियों के सौजन्य से बड़वारा के रामलीला प्रांगण में आगामी 22 से 24 जुलाई 2025 तक पूरे भक्ति भाव एवम आस्था के साथ धर्म प्रेमियों के सौजन्य से पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवम रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। शिवलिंग निर्माण करने भारी संख्या में महिला पुरुषों की उपस्थिति होगी। पार्थिव शिवलिंग निर्माण सुवह 9 बजे से 12 बजे तक किया जाएगा, रुद्राभिषेक दिन में 12 बजे से 4 बजे तक किया जाएगा। आयोजन के समापन पर 25 जुलाई 2025 को को विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा जिसमे सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु जनों की उपस्थिति होगी सभी को भण्डारे की महाप्रसाद दोपहर 12 बजे से 4:30 बजे तक वितरित की जाएगी। पँडित इलू महाराज ने बताया कि पंच तत्व से निर्मित इस काया को मन वचन कर्म से प्रभु को समर्पित करने व भगवत चिंतन अनुशरण करने से ही श्रीहरि को प्राप्त किया जा सकता है। मानव जीवन अनमोल है जीवन को व्यर्थ के सांसारिक प्रपंचों से मुक्त होकर जगत पति जगदीश से जोड़ लें तो जीवन के सारे क्लेश दूर हो जाएंगे तथा जीव को भवसागर के बंधनों से मुक्ति मिल जाएगी। स्थानीय व क्षेत्रीय श्रद्धालु जनों से शिवलिंग निर्माण करने व रुद्राभिषेक में अपनी सहभागिता देकर पुण्य लाभ अर्जित कर अपने जीवन को कृतार्थ करने का आग्रह किया गया है।

## खबर संक्षेप



### निगमायुक्त ने देर रात कंट्रोल रूम का किया औचक निरीक्षण

**कटनी।** नगर में लगातार हो रही बारिश को दृष्टिगत रखते हुए सार्वजनिक मार्गों एवं बस्तियों में जलभराव की समस्या के त्वरित निराकरण एवं नागरिकों के आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त नीलेश दुबे ने देर रात नगर निगम के कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण कर संलग्न कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निगमायुक्त ने रात्रिकालीन ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों को तत्परता के साथ कंट्रोल रूम दूरभाष ने प्राप्त जलभराव से संबंधी शिकायतों से क्षेत्रीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को अवगत कराते हुए तत्परता के साथ शिकायतों का निराकरण कराने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण दौरान राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक,प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी सहित अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी रही। उल्लेखनीय है कि कंट्रोल रूम के माध्यम से अब तक 33 शिकायतों का निराकरण कराया जा चुका है।

### भवन हुआ जर्जर, अनाज-खाद रखने में हो रही दिक्कत



**सिलौंडी।** सिलौंडी पंचायत में सहकारी समिति का अनाज और खाद रखने वाला भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है जिसके कारण खाद रखने के लिए सुरक्षित जगह नही है। जर्जर भवन कभी भी गिर सकता है जिससे हादसे की संभावना बनी हुई है। सहकारी समिति के प्रबंधक पुरुषोत्तम बर्मन ने बताया कि सहकारी समिति का पुराना भवन जहा पर खाद रखने का कार्य होता है भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। कलेक्टर के निर्देश पर अभी खाद को किराए के भवन में रखा है । भवन नही होने के कारण बहुत दिक्कत है । सिलौंडी बड़ी पंचायत होने के कारण अधिक किसान है जिससे खाद रखने की बहुत परेशानी है। अनेक बार शासन और प्रशासन को नव भवन हेतु पत्र भेजा जा चुका है।

### सफाई व्यवस्था के साथ जल निकासी के प्रयास जारी



**कटनी।** अतिवर्षा के दौरान सार्वजनिक मार्गों एवं निचली बस्तियों में होने वाले संभावित जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु निगम प्रशासन द्वारा रोजाना नाले-नालियों की सफाई का कार्य कराकर सुगम जल निकासी के प्रयास किए जा रहे जिसके तहत गुरुवार प्रातः रफ़ी अहमद किदवई वार्ड स्थित एनसीसी ऑफिस के आस-पास के नालियों की सफाई का कार्य कराया गया। वहीं जगमोहन दास वार्ड में टोनी पान वाले एवं बरगवा स्थित एलआईसी कार्यालय के समक्ष तथा नगर के अन्य जलभराव वाले चिन्हित नाले नालियों में जमा कचरे की सफाई की जाकर सिल्ट का उठाव कार्य किया गया। नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के तहत मिशन चौक, सुभाष चौक, गोल बाजार, स्टेशन रोड, चांडक चौक, बस स्टैंड परिसर,सेल्फ़ी प्वाइंट एवं मुक्ति धाम परिसर सहित नगरीय एवं उप-नगरीय क्षेत्र के विभिन्न मार्गों की सफाई कराई जाकर कचरे का उठाव कराया गया।

## जर्जर सड़कों में पानी भरने एवं कीचड़ की वजह से आवागमन में राहगीरों एवं वाहन चालकों की बढ़ी परेशानी

# जिले में जोरदार बारिश से कहीं राहत तो कहीं बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी







जिले में सक्रिय मानसून एवं रूक रूककर हो रही बारिश से राहत तो कहीं परेशानी हो रही है। खेती किसानी के लिए अमृतकाल तो जर्जर मार्गों में पानी भरने एवं कीचड़ की वजह से आवागमन में परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है। बुधवार की रात्रि एवं गुरूवार को तेज तो कहीं रिमझित बारिश का सिलसिला दिन भर चलता रहा। बारिश से सड़कों में पानी भर गया। खरीफ सीजन की फसलों की बोवनी के लिए खेतों की जुताई, मताई के लिए बारिश का इंतजार किसानों को था। झमाझम बारिश होने से खेतों में पानी भर गया अब कृषि कार्य गति पकड़ चुका है। आषाढ़ के बाद सावन माह में भी जोरदार बारिश हो रही है। अच्छी बारिश ने किसानों को काफी राहत दिलाई।

जिले में बीते कई दिनों से आसमान में बादल छाए हुए हैं बीच बीच में मौसम कुछ समय के लिए साफ हो जाता है लेकिन कुछ ही समय में फिर बादल छा जाते हैं। जोरदार बारिश होते ही मौसम में बदलाव के साथ किसानों के चेहरे खिल गए हैं। जोरदार बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया है। बारिश होने से मौसम में परिर्वतन हुआ है वहीं दूसरी ओर किसानों के चेहरे भी खिल गए हैं। मौसम विभाग ने भी इस बार समय से मानसून के सक्रिय होने एवं अच्छी बारिश की संभावना जताई थी। बारिश के बाद किसानों ने खेतों में धान की रोपाई का कार्य तेज कर दिया है।

### जर्जर सड़क के गड्ढों में पानी भर जाने से बढ़ी परेशानी

बारिश के बाद शहर सहित ग्रामीण अंचलों की सड़को में पानी भर गया। निचली बस्तियों में पानी भरने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। नालों की गंदगी सड़कों में जमा हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर और कच्ची सड़कें बारिश की वजह से दलदल में तब्दील हो गई। गड्ढों में पानी भरने और कीचड़ के चलते वाहन चालकों व पैदल राहगीरों को आवागमन में भी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। बारिश के दिनों में सड़क में जलभराव की स्थिति बन जाती है। तहसील क्षेत्रों में ऐसे सैकड़ों गांव हैं जहां सड़क नाली की बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। जब भी बारिश होती है सड़क में इसी तरह से पानी भर जाता है। लोगों को आने जाने में परेशानी होती है। कई ग्रामीण मार्ग ऐसे हैं जिनकी हालत बेहद खराब हो गई है। बारिश होने की वजह से पूरी सड़क दलदल में तब्दील हो गई है। जिससे आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जबकि स्थानीय लोग कई बार अधिकारियों से इस सड़क को सीसी सड़क बनवाने के लिए शिकायत कर चुके हैं। लेकिन अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। हल्की या जोरदार बारिश होने पर सड़के दलदल में तब्दील हो जाती है। इस सड़क पर ग्रामीणों को पैदल एवं वाहनों तक का चलना मुश्किल हो जाता है। मार्ग में कीचड़ और पानी भर जाने से वाहन निकालते हैं तो फिसलने का डर बना रहता है। खस्ताहाल सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने से बारिश के दौरान पानी भर जाता है जिस वजह से सड़क पर कीचड़ मच जाता है। जिस वह सड़क पर वाहन निकालना तो दूर पैदल तक नहीं निकल पाते हैं।

बारिश के चलते नगर के गायत्री नगर, मंगल नगर पुलिया में पानी भर गया जिससे वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हुई। हालांकि वाहन चालक पानी से आवागमन करते दिखे।

### अब तक 585.8 मिमी वर्षा

जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से गुरूवार 17 जुलाई तक कुल 585.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल स्लीमनाबाद तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 762.8 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 187.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 212.6 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख हर्षवर्धन रामटेके ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 606.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 720.6 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 494 मिलीमीटर, बरही तहसील में 444 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 574.3 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 547.2 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 762.8 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 535 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

**महापौर ने उपलब्धि को बताया अथक परिश्रम का सार्थक परिणाम**

# नगर निगम ने हासिल किया राज्य स्तर पर नौवां एवं राष्ट्र स्तर पर आठवां स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के अंतर्गत 50 हजार से 3 लाख तक की जनसंख्या वाले शहरों में कटनी शहर को राष्ट्रीय स्तर पर 8वां एवं राज्य स्तर पर 9वां स्थान प्राप्त होने पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ,निगमाध्यक्ष मनीष पाठक तथा निगमायुक्त नीलेश दुबे ने नगर निगम प्रशासन की ओर से समस्त शहर वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

महापौर श्रीमती सूरी ने बताया की यह बेहद खुशी की बात है कि हमारी पिछली 36वीं रैंक से 9 वीं रैंक हासिल करते हुए इस प्रतियोगिता में अग्रणी रहने की एक लंबी छलांग लगाई है। यह शहर के जागरूक नागरिकों के सहयोग एवं हमारे स्वच्छता मित्रों के अथक परिश्रम का ही नतीजा है।

नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने निगम को मिली इस उपलब्धि के लिए विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 -25 के गुरुवार को जारी परिणाम अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर 824 शहरों में नगर निगम कटनी ने 8वां तथा राज्य स्तर पर 56 शहरों में 9वां स्थान प्राप्त किया है।

वहीं विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष सर्वेक्षण में नगर निगम में कुल 85.96 फीसदी अंक प्राप्त कर रहवासी एवं व्यवसायिक क्षेत्रों में डोर टू डोर कचरा संग्रहण, प्रबंधन, जल स्त्रोतों की सफाई एवं नगर की सफाई कार्य में काफी सुधार होने के कारण शत -प्रतिशत अंक प्राप्त किये है।

निगमायुक्त श्री दुबे ने बताया कि गार्बेज फ्री सिटी तथा ओडीएफ प्लस प्लस में नगर निगम कटनी विगत तीन वर्षो से थ्री स्टार रैंकिंग पर काबिज है।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि स्वच्छता का यह उत्साह आगे भी निरंतर बना रहेगा और शहर की सफाई व्यवस्था में अभी भी जो कुछ कमियां हैं, उन्हें दूर करने के लिए भविष्य में भी योजनाबद्ध तरीके से काम जारी रखकर आगामी सर्वेक्षण में वाटर प्लस एवं 5 स्टार रैंकिंग के प्रयास किये जाएगें। आइए, हम सब मिलकर स्वच्छ कटनी के सपने को साकार करने की दिशा में लगातार प्रयासरत रहें।

## गोंडवाना सामाजिक उत्थान समिति की बैठक का हुआ आयोजन



गोंडवाना सामाजिक उत्थान समिति की गत दिवस आयोजित विशेष बैठक में प्रदेश एवं जिला इकाई का पुनर्गठन सर्वसम्मति से किया गया। संगठन के प्रदेश सचिव अरविंद सिंह धुर्वे ने बताया कि बैठक में अरविंद सिंह पेंड्रो, चंदभान सिंह धुर्वे, गवेंद्र उरेटी, सी बी धुर्वे, सुरेंद्र मरावी, चन्द्रहास आर्मो, सुग्रीम मरावी, अजय बड़कड़े, जयंत कश्यप, भानुप्रताप मरावी, दशरथ ठाकुर एवं अशोक सैमा की उपस्थिति सराहनीय रही। बैठक में पुराने पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त होने के उपरांत नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में पदाधिकारी नियुक्त किए गए जिसमें निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष केकेएस मराबी को पुन : प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। संगठन की मजबूती और विकास के लिए सभी सदस्यों से सहयोग की अपेक्षा जताई। बैठक का संचालन एवं आभार संतोष कुमार सैयाम जिलाध्यक्ष कटनी के द्वारा किया गया।

# जेवरात एवं नकदी से भरा पर्स ट्रेन में छूटा, पुलिस ने तलाश कर किया वापस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



रेल यात्रा के दौरान एक महिला यात्री का पर्स ट्रेन में छूट गया जिसमें लाखों रूपए के जेवरात एवं नकदी रूपए थे। रेलवे पुलिस की तत्परता से पर्स वापस मिल गया। मामला 29 जून 2025 का है, जब ट्रेन नंबर 13202 एलटीटी-पटना जनता एक्सप्रेस के ए-2 कोच में सफर कर रही जबलपुर निवासी एक महिला यात्री का कीमती सामान ट्रेन में छूट गया था। जानकारी के अनुसार, गोरखपुर थाना क्षेत्र की रतन कॉलोनी निवासी 68 वर्षीय शशि अबरोल पत्नी बीएम अबरोल का सोने के जेवरात और नगदी से भरा पर्स ट्रेन में छूट गया था। महिला के अनुसार, पर्स में सोने की चेन, अंगूठी, कान के टॉप्स, नाक की कीलें और लगभग 5000 रूपए नकद कुल कीमत लगभग दो लाख रुपये बताई गई। इस बीच, प्लेटफॉर्म ड्यूटी पर तैनात रेलवे पुलिस के प्रआर. राघवेन्द्र शर्मा को ड्यूटी के दौरान उक्त पर्स मिला। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए ऑन ड्यूटी टिकट चेकिंग स्टाफ (टीसी) की मदद से पीएनआर नंबर से महिला का मोबाइल नंबर प्राप्त कर उनसे संपर्क साधा। संपर्क के बाद महिला को कटनी रेलवे थाना बुलाया गया, जहां उन्होंने अपने पर्स और उसमें रखे जेवरातों की पहचान की। संतुष्टि के बाद प्रआर. राघवेन्द्र शर्मा द्वारा 17 जुलाई को महिला यात्री को उनका सामान विधिवत सुपुर्द किया गया। इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी थाना प्रभारी उपनिरीक्षक लालता प्रसाद कश्यप द्वारा दर्ज कराई गई। उन्होंने बताया कि प्रआर. राघवेन्द्र शर्मा की ईमानदारी प्रशंसा योग्य है और इससे पुलिस की छवि मजबूत होती है।

**सुगम आवागमन के लिए हांका टीम ने चलाया विशेष अभियान**

# 22 धुमंतु गोवंशों को काऊ कैचर वाहन के माध्यम से भेजा गया अमीरगंज गौशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुपालन में गुरुवार प्रातः नगर निगम की हांका गैंग द्वारा नगर के विभिन्न मार्गों में विशेष अभियान चलाकर लगभग 22 नग घुमंतू गोवंशों को काऊ कैचर वाहन द्वारा अमीरगंज स्थित कांजी हाउस में भेजा गया।

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी के बताया कि निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों के सुगम एवं सुरक्षित आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए घुमंतू गौवंशों को पकड़ने का कार्य निरंतर जारी है। इस संबंध मे विगत दिवस महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी तथा निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा कार्य की प्रगति की समीक्षा की जाकर घुमंतू गौवंशों को पकड़ने की कार्यवाही में गति लाने संबंधी निर्देश दिए गए थे।

### चलाया जा रहा अभियान

इस संबध में निगमायुक्त द्वारा बुधवार रात्रि निगम कार्यालय पहुंचकर हांका टीम को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए विशेष अभियान चलाकार धुमंतू मवेशियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करनें हेतु निर्देशित भी किया गया था। जिसके अनुपालन में विगत देर रात्रि तक अभियान चलाया जाकर घुमंतू मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही की गई तथा गुरुवार प्रातः से नगर के मुख्य मागों में पुनः विशेष अभियान चलाकर 22 नग घुमंतू गौवंशों को पकड़कर अनीरगंज स्थित कांजी हाउस भेजा जा चुका है। श्री सोनी ने बताया कि हांका गैंग द्वारा नगर के सार्वजनिक मार्गो में अभियान चलाकर घुमंतू गौवंशों को पकड़ने का विशेष अभियान निरंतर जारी है।

### पशुपालकों से अपील

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे ने नगर के पशुपालकों से अपने पालतू मवेशियों को सार्वजनिक मार्गों में खुला नहीं छोड़ने की अपील करते हुए बताया कि घुमंतू गौवंशों को पकड़ने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत सार्वजनिक मार्ग में घुमंतू गोवंश मिलने पर उनके मालिकों पर वैधानिक एवं जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

## विधायक ने प्रस्तावित स्थल का किया निरीक्षण

# बहोरीबंद का भूता तालाब पर्यटन की दृष्टि से होगा विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



बहोरीबंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कूडन मे स्थित भूता तालाब पर्यटन की दृष्टि से विकसित होगा जिसके लिए गुरुवार को विधायक प्रणय पांडेय ने भूता टेंक के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश ब्यौहार, उपयंत्री एल एन तिवारी सहित जनप्रतिनिधि व कर्मचारी उपस्थित रहे। बतलाया गया कि भूता टैंक अपनी प्राकृतिक सुंदरता के चलते दर्शनीय स्थानों में शुमार है!जहाँ पर हर जगह से लोग घूमने एवं पिकनिक के लिये आना होता है।

विधायक प्रणय पांडेय ने बतलाया कि भूता टैंक के पास 1 करोड़ 10 लाख रु की लागत से रेस्ट हॉउस बनेगा एवं 1 करोड़ 50 लाख रु की लागत राशि पर्यटन विभाग रेस्टोरेंट व रेस्ट हॉउस के आस पास के एरिया को गार्डन के रूप में विकसित करने खर्च की जाएगी जिससे टूरिज़्म को भी बढ़ावा मिलेगा।

गौरतलब है भूता टेंक को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने विधायक प्रणय पांडेय ने कलेक्टर को मांग पत्र दिया था जिस पर तत्कालीन कलेक्टर अविप्रसाद द्वारा जल संसाधन विभाग के माध्यम से सिंचाई परियोजना अंतर्गत भूता तालाब में पर्यटन की सुविधाओं के विकास एवं विस्तार हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए मप्र पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक को पत्र लिखा है।

जल संसाधन विभाग के उपयंत्री एल एन तिवारी ने बताया कि भूता तालाब का कैचमेंट एरिया 108.76 वर्ग किलोमीटर हे तथा इस तालाब के माध्यम से 6475 हैक्टेयर भूमि को सिंचित किया जा रहा है जिसमें 4 हजार हैक्टेयर सिंचाई रबी सीजन मै ओर 2500 हैक्टेयर सिंचाई खरीफ सीजन मै होती है।

भूता तालाब प्राकृतिक रूप से निर्मित प्राचीन तालाब है। इस तालाब को देखने हेतु अन्य जिले के पर्यटक भी यहां पर आते है। भूता तालाब में उचित सुविधाएं न होने के कारण पर्यटकों को यहां असुविधा का सामना करना पडता है। पर्यटन की दृष्टि भूता तालाब के पास गेस्ट हाउस, वृक्षारोपण, नोका विहार एवं अन्य निर्माण कार्य एवं सौदर्यीकरण कार्य करा दिये जाने से क्षेत्र एक अच्छा पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित हो सकेगा जो वहां के आसपास के लोगो के लिए रोजगार क्षेत्र का विकास एवं राजस्व वृद्धि मे सहायक होगा।

विधायक प्रणय पांडेय गुरुवार को भूता जलाशय की प्राकृतिक सुंदरता का नजारा देखा!जिसे देख मन प्रफुल्लित हो गया। जलाशय के चारों ओर पहाड़ी की वादियों व हरितमय नजारा प्राकृतिक सुंदरता को बयाँ कर रहा है। जल संसाधन विभाग के उपयंत्री एल एन तिवारी ने बताया कि कूडन जलाशय की जल भराव क्षमता 34.52मिली घनमीटर है जिसमें इस वर्ष अच्छी वर्षा होने से अब तक 30.31मिली घनमीटर जल भराव हो गया यानि 88 फीसदी जलाशय मै जल भराव हो गया है। उपयंत्री ने विधायक को जानकारी दी कि कूडन जलाशय से हथियागढ़ तक निकली माइनर नहर का सीमेंटीकरण कार्य कराया जा रहा है साथ क्षतिग्रस्त पुल -पुलियों का भी निर्माण किया जा रहा है।

# बरही में गल्ला व्यापारी अचानक हो गया गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

एक गल्ला व्यापारी के अचानक से लापता हो जाने से सनसनी मच गई। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी तलाश कि लेकिन जब कोई पता नहीं चल पाया तो सीधे थाना जाकर पुलिस को जानकारी दी। मामला बरही थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करते हुए लापता व्यापारी की तलाश शुरू कर दी है। लापता व्यापारी की मोटर सायकल बरही-गैरतलाई मार्ग पर स्थित खजुरा नाला के समीप लावारिश हालत में मिली है। जिसके कारण पुलिस यहां-वहां व्यापारी की तलाश करने के साथ ही गोताखोर दल की मदद से खजुरा नाला में भी व्यापारी की तलाश कर रही है।

जानकरी के अनुसार बरही क्षेत्र में गल्ले का व्यापार करने वाले 55 वर्षीय व्यापारी शारदा अग्रवाल पिता रामप्रसाद 16 जुलाई की सुबह 10 बजे के लगभग रोज की तरह घर से निकले। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटे। चिंतित परिजनों ने उनकी यहां-वहां खोजखबर ली और जब उनका कहीं कोई पता नहीं चला तो इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने गुमइंसान कायम करते हुए लापता कारोबारी की तलाश शुरू की तो कारोबारी की मोटर सायकल बरही-गैरतलाई मार्ग पर स्थित खजुरा नाला के समीप लावारिश हालत में पड़ी मिली। ऐसी आशंका व्यक्त की जा रही है की कहीं व्यापारी अनहोनी का शिकार तो नहीं हुआ। इसलिए पुलिस कटनी से गोताखोर दल को बुलाकर बाणसागर के जलभराव क्षेत्र खजूरा नाला के आस-पास सर्चिंग अभियान प्रारंभ कर दिया है। मौके पर बरही पुलिस और प्रशासनिक अमला मुस्तैद है, खोजबीन जारी है।

## खबर संक्षेप

### 18 जुलाई से अतिथि शिक्षकों को ई-अटेंडेंस के बाद ही मिलेगा मानदेय

**पन्ना।** लोक शिक्षण संचालनालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अतिथि शिक्षकों को शत प्रतिशत ई-अटेंडेंस हमारे शिक्षक एप के माध्यम से दर्ज करने के निर्देश जारी किए हैं। निर्देश में कहा गया है कि यह व्यवस्था 18 जुलाई से अनिवार्य रूप से लागू होगी। जिन अतिथि शिक्षकों की उपस्थिति हमारे शिक्षक एप के माध्यम से दर्ज नहीं होगी, उनके मानदेय का भुगतान नहीं किया जा सकेगा। इस व्यवस्था को अनिवार्य रूप से लागू किए जाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अलावा विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में पूर्व से कार्यरत अतिथि शिक्षक आवेदकों की रिक्त पद होने पर री-ज्वॉइनिंग के संबंध में भी लोक शिक्षण संचालनालय ने समय सारणी जारी की है। 18 जुलाई को रिक्त पदों की पुनरू समीक्षा की जाएगी।

### नगर परिषद उपाध्यक्ष ने सीएमओ को पत्र लिखकर की सड़क मरम्मत कार्य की मांग की

**अमानगंज ।** नगर परिषद अमानगंज के उपाध्यक्ष सौरव दुबे ने बुधवार की दोपहर 3:00 बजे मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमानगंज को एक पत्र लिखा है पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया गया कि नगर में कई जगह पर कच्चा मार्ग है जिससे बरसात में कीचड़ की वजह से नगरवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अतः मुख्य नगर पालिका अधिकारी समय रहते लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक मार्ग एवं कच्ची मिट्टी पर चचरा डलवाकर लोगों की समस्या का समाधान करें। उपाध्यक्ष सौरभ दुबे ने कहा कि बीते दिनों मामले से अवगत कराया गया था और मौखिक रूप से समस्या का समाधान करने की बात कही गई थी।

### नगर में संचालित निजी स्कूलों में नहीं किया जा रहा मापदंड पूरा, शिक्षा विभाग नहीं कर रहा कार्रवाई

# नियमों से खिलवाड़ः किराए के मकानों में तो कहीं चंद कमरों में संचालित हो रहे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा नगर में संचालित हो रहे कुछ प्राइवेट स्कूलों ने नियमों को ताक पर रख दिए हैं इन स्कूलों में अच्छी शिक्षा के नाम पर अभिभावकों से मनमानी फीस वसूल रहे हैं लेकिन सुविधाओं के मामले में शून्य है इन स्कूलों के पास न तो पर्याप्त भवन है न ही खेल मैदान चंद कमरों में यह स्कूल संचालित है इन सब में खास न बात यह है कि पोर्टल पर मनगढ़ंत न जानकारी फीड कर विभाग के साथ - धोखाधड़ी भी की जा रही है। दरअसल पोर्टल पर दर्ज की गई जानकारी के अनुसार जब भास्कर टीम ने कुछ स्कूलों में जाकर देखा तो वहां का जो नजारा पोर्टल में दी गई जानकारी से एकदम उलट था। खेल मैदानों व बच्चों के बैठने वाले कक्षों की जानकारी जो पोर्टल पर थी वह पूरी तरह से गलत पाई गई। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों की गलियों में स्कूल खुले हैं। जहां सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं है लेकिन फीस के नाम पर बड़ी राशि ली जा रही है। निजी स्कूलों के संचालन में जरूरी मापदंड दरकिनार कर दिए गए हैं। परीक्षण के बिना ही ऐसे स्कूलों को मान्यता दी गई है वह मान्यता के निर्धारित 20 बिंदुओं का पालन नहीं कर रहे हैं। पोर्टल पर कई स्कूल संचालकों की गलत जानकारियां एकत्रित की है और खुलेआम पालक-अभिभावकों को गुमराह किया गया है बावजूद शिक्षा महकमा नियमों को अनदेखा कर संचालित होने वाले इन स्कूलों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।



### रैंप रेलिंग की नहीं व्यवस्था

नगर से संचालित हो रहे इन प्राइवेट स्कूलों में आरटीई के मापदंड के अनुरूप निःशक्त बच्चों के लिए रैप रेलिंग की व्यवस्था भी नहीं है। नगर के कई नामी निजी स्कूल के भवनों में निःशक्त बच्चों की जरुरी आवश्यकताओं के लिए यह सुविधा नहीं है। इसके अलावा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए कमोड सिस्टम के शौचालय भी नहीं है बावजूद इन्हें मान्यता मिली हुई है।

### बीआरसी की अनुशंसा के बाद मिलती है मान्यता

शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि निजी स्कूल संचालक द्वारा पोर्टल पर जो फार्मेट जमा किया जाता है। उसकी हकीकत जानने के लिए संबंधित ब्लॉक के बीआरसी व अन्य वरिष्ठ अधिकारी द्वारा मौका स्थल पर जाकर निरीक्षण किया जाता है। निरीक्षण के बाद अनुशंसा देना होती है कि उक्त स्कूल आरटीई मापदंड का पूरा पालन कर रहे हैं कि नहीं। उनकी सहमती के बाद ही डीईओ कार्यालय से मान्यता के लिए आगे की कार्रवाई की जाती है। यहीं पर पूरा खेल होता है। निजी स्कूल संचालकों के विभिन्न प्रलोभन एवं बच्चों को अच्छी शिक्षा दिए जाने के आश्वासन पर अभिभावक बच्चों का दाखिला कर देते हैं। बच्चों के स्कूल में प्रवेश लेने के बाद ही अभिभावकों से विभिन्न माध्यमों से मोटी फीस वसूलने का काम होता है।

### रहवासी मकानों में चल रहे हैं स्कूल

नगर के कई निजी स्कूल ऐसे हैं जो रहवासी मकानों में संचालित किए जा रहे हैं। महज 1500 से 1 हजार वर्ग फीट के मकानों में विगत कई वर्षों से प्राथमिक शालाएं संचालित की जा रही है। ऐसे स्कूलों में बच्चों के लिए आरटीई के मापदंड के अनुरूप न ही पर्याप्त कमरे हैं और न कमरों का आकार मापदंड के अनुरूप है। खेल मैदान के लिए भी विद्यार्थियों को तरसना पड़ रहा है। वहीं सूत्रों की मानें तो ज्यादातर निजी स्कूलों के संचालक किसी न किसी राजनीतिक पार्टी से जुड़े हुए हैं। इससे कई तरह के लाभ हैं। राजनीतिक पहुंच होने की वजह से अधिकारी ऐसे स्कूलों का निरीक्षण कर वास्तविकता जानने का प्रयास नहीं करते है। दूसरी ओर शासन से विभिन्न तरह से अनुदान लेने स्कूल के लिए राशि बटोरते हैं।

### किसी भी स्कूल में ये मापदंड होना अनिवार्य

सुदीप त्रिपाठी बताते हैं कि कक्षा 1 से 8 वीं तक की मान्यता के लिए विद्यालय भवन 4500 वर्गफीट में होना अनिवार्य है। इसमें 2000 वर्गफीट का खेल मैदान तथा 2500 वर्गफीट में भवन होना चाहिए। इसके अलावा बालक-बालिकाओं के लिए पृथक-पृथक शौचालय, शुद्ध पेयजल के इंतजाम सहित अन्य सुविधाएं होना चाहिए। साथ ही लाइब्रेरी, प्रयोगशाला, स्टाफ रुम, ऑफिस के लिए भी पृथक-पृथक से कक्ष होना चाहिए। यदि किसी विद्यालय में इन मापदंडो का पालन नहीं किया जा रहा है तो उसकी मान्यता निरस्त की जा सकती है इसके साथ ही अन्य कार्रवाई हो सकती है।

### फॉर्मेट में कॉलम पूरे, हकीकत में शून्य

जबलपुर हाईकोर्ट के एडवोकेट संजय रजक बताते हैं कि निजी विद्यालयों को नवीन मान्यता प्राप्ति अथवा नवीनीकरण के समय शिक्षा विभाग द्वारा दिया जाने वाला एक फार्म भरना होता है। जिसमें विद्यालय की संपूर्ण जानकारी फार्मेट में होती है। इसमें विद्यालय भवन के साथ संसाधन आदि के बारे में पूछा जाता है। निजी स्कूल संचालक मान्यता प्राप्ति के समय इन कॉलम को तो कूटरचित ढंग से पूरा कर देते हैं, लेकिन हकीकत में संसाधन उनके पास होते ही नहीं है और उनके इस घालमेल अफसर करते हैं। जिन्हें इन विद्यालयों के निरीक्षण की जिम्मेदारी दी जाती है। निरीक्षण के दौरान यहीं अधिकारी इन स्कूलों के संचालकों को बचा लेते है।

# दूषित जल की नगर में हो रही सप्लाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

उल्टी-दस्त व पेट दर्द के चलते नगर से पांच दर्जन से अधिक लोग एक सप्ताह से बीमार चल रहे जिनका इलाज जबलपुर दमोह व नगर के स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है और एक युवक की बुधवार की सुबह अस्सू विश्वकर्मा की मौत हो गई थी लेकिन अभी भी नगर में उल्टी-दस्त की संख्या कम नहीं हो रही है और लगातार बढ़ती जा रही है। दरअसल नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के गांव में दूषित पानी पीने व खान पान की वजह से सैकड़ो लोग बीमार हो गए। सभी को पेट दर्द उल्टी-दस्त डायरिया आने की शिकायत है। लोगों के बीमार होने की सूचना से हड़कंप मच गया। नगर में प्रतिदिन संख्या में बढ़ोतरी होने से लोग परेशान है। स्वास्थ्य विभाग और नगर परिषद की टीम गांवों एवं वार्डों में पहुंची। जिन लोगों की हालत ज्यादा खराब होने पर उन्हें जिला अस्पताल एवं जबलपुर मेडिकल रेफर किया गया है वहीं, अन्य लोगों का गांव में निजी अस्पतालों में ही इलाज किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का दावा है कि सभी की हालत खतरे से बाहर है। इलाज करने के साथ ही सभी को दवा दी जा रही है। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हालत गंभीर होने पर लगभग एक दर्जन लोगों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पताल दमोह रेफर किया जा चुका है वहीं सात लोगों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है इसके अलावा नगर की अलग-अलग निजी अस्पतालों में भी और गांव में लोगों का इलाज किया जा रहा है नगर एवं क्षेत्र में हर एक वार्ड में उल्टी दस्त के मरीज सामने आ रहे हैं जिसमें वार्ड क्रमांक 1 3 ,4 ,11 ,12 में संख्या अधिक है जिनमें आशा पिता हल्ले भाई जैन उम्र 18 वर्ष वार्ड क्रमांक 11,विंध्या पति राहुल सेन उम्र 27 वर्ष वार्ड 3 ,लकी पिता निरपत लोधी उम्र 21 वार्ड 10 तेन्दूखेड़ा जिसमें उल्टी-दस्त की शिकायत है वहीं आशा जैन को गंभीर हालत में जबलपुर रेफर किया गया है।

### स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी जारी

स्वास्थ्य विभाग के सीबीएमओ डॉक्टर अशोक बारोनिया ने नगरवासियो से अपील की है कि नगर एवं क्षेत्रवासी सर्वप्रथम खाना हाथ धोकर खाएं, खाना ढक कर रखें ,उबला हुआ पानी का उपयोग करें ,बाजार की सब्जी भाजी ना खाएं और अपने घर के आसपास गंदगी ना फैलाएं साफ सफाई बनाएं रखें।

### इनका कहना है

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सीबीएमओ डॉक्टर अशोक बारोनिया ने कहा कि 12 लोगों को रेफर किया गया है। 7 लोगों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है सभी लोग उल्टी ,दस्त के कारण बीमार हैं कारण अभी पता नहीं चल पा रहा है। इसके अलावा एसडीएम, सीएमओ, तहसीलदार के समक्ष पानी की जांच चल रही है।

## पैरा स्पोर्ट्स एसोसियन के जिला अध्यक्ष बने प्रमोद विश्वकर्मा

**दमोह।** जिले के पैरा स्पोर्ट्स एसोसियन के जिला अध्यक्ष प्रमोद विश्वकर्मा को बनाया गया है। मध्यप्रदेश पैरा स्पोर्ट्स एसोसियन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ विवेक सिंह परिहार जी ने नियुक्ति की है। जिला अध्यक्ष बनने पर श्री प्रमोद विश्वकर्मा ने अभी तक जिले से कोई भी पैरा खिलाड़ी किसी भी खेल में राज्य या राष्ट्रीय स्तर तक नहीं पहुंचा है। लेकिन अब हमारा पूरा प्रयास रहेगा कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से और शहरी क्षेत्रों से ऐसी प्रतिभाएं निकाल कर लाना जो राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभाएं दिखा पाए। और हमारा प्रयास रहेगा कि शासन प्रशासन से इनके खेलो के प्रति रुचि को देखकर इनको अधिक से अधिक मौका मिल सके।

# मध्यप्रदेश शिक्षक संघ गुरुवंदन कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ से संबंध्द मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा दमोह द्वारा गुरु वंदन का कार्यक्रम का आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में किया गया। गुरुवंदन कार्यक्रम, दीप स्तुति तथा मां सरस्वती एवं महर्षि वेदव्यास जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण के साथ प्रारंभ हुआ। मंचासीन अतिथि श्री एस के मिश्रा पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी एवं वर्तमान प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हटा दमोह, ने गुरु का महत्व बताते हुए वर्तमान में गुरु की आवश्यकता तथा प्राचीन भारतीय संस्कृति पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अध्यक्ष, प्राचार्य शा.उमावि. उमरी रमेश व्यास ने शिक्षकों के समाज के साथ संबंधों पर प्रकाश डाला। श्री व्यास ने कहा की वर्तमान परिदृश्य में शिक्षकों को तकनीकी के साथ जुड़कर अपडेट रहना होगा तभी भारत विश्व गुरु बनेगा। उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य श्री आर पी पटेल दमोह द्वारा संघ द्वारा वर्ष भर किए जाने वाले विभिन्न आयोजन तथा भारत को विश्व गुरु बनाने का आह्वान किया। महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य श्री आलोक सोनवलकर के द्वारा वर्तमान समय के साथ शिक्षा पद्धति में सुधार लाने की आवश्यकता पर विचार व्यक्त किया संभागीय अध्यक्ष प्रमेंद्र कुमार जैन द्वारा मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के उद्देश्य तथा वर्तमान परिदृश्य में शिक्षक की भूमिका, समाज में महत्व तथा पंच परिवर्तन विषय पर बौद्धिक दिया। गुरु वंदन कार्यक्रम पर गीत का गायन उत्कृष्ट विद्यालय के श्री मनीष नेमा द्वारा किया गया तत्पश्चात सेवानिवृत्त पारस कुमार जैन,एम एल यादव, राम शरण पाराशर,विनय मोहन मिश्रा, एम के खरे देवेंद्र जैन,श्रीमती कल्पना राजपूत तथा मंचासीन अतिथियों का सम्मान सॉल-श्रीफल से किया गया। कार्यक्रम में अरविंद चौराहा निलेश जैन निर्पत सिंह ठाकुर, शिशिर तिवारी,सोनू मुंडा,प्रदीप अग्रवाल, संजय पाठक,जीपी पटेल,विजय दुबे,संजय दुबे,अरविंद जैन,लक्ष्मण सिंह ठाकुर,महेश गुप्ता,संदीप श्रीवास्तव,महेश सोनी,चंद्रभान सोनी,कैलाश सिंह ठाकुर, विजय सिंह लोधी,श्रीमती अंतिम जैन, प्रमोद कुमार जैन,प्रदीप जाटव,दीपक जैन,देवेंद्र पटेल,प्रदीप शर्मा,अविनाश तिवारी,अवध जैन, सरिता पाठक, हेमलता जैन, वंदना पटेल, सरोज ठाकुर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार सेन के नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी द्वारा किया गया। विकासखंड अध्यक्ष नितेश पाठक ,सचिव निलेश जैन,संभागीय सदस्य मनीष भारद्वाज,नगर अध्यक्ष आरबी सिंह का सफल आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग रहा कार्यक्रम का सफल संचालन आदित्य चौरसिया द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम के अंत में आभार जिला अध्यक्ष कमलेश सेन द्वारा व्यक्त किया गया।

# राजपूत क्षत्रिय महासभा और करणी सेना ने सौंपा ज्ञापन



**दमोह।** जिला राजपूत क्षत्रिय महासभा और करणी सेना के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर और एसपी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विगत दिवस जिला मुख्यालय हरदा में राजपूत क्षत्रिय समाज के व्यक्तियों और छात्रावासी बच्चियों के साथ हुई मारपीट और लाठीचार्ज की निंदा की गई है। कार्यवाही वापिस लेने और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग ज्ञापन में मांग की गई है कि राजपूत क्षत्रिय समाज के व्यक्तियों और छात्रावासी बच्चियों पर हुई कार्यवाही वापिस ली जाए और दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए। साथ ही पुलिस प्रशासन हरदा के दोषियों पर दंडात्मक कार्रवाई किए जाने की अपेक्षा की गई है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख लोग ज्ञापन देने वालों में महासभा के संरक्षक अमर सिंह राजपूत, महासभा जिला अध्यक्ष राकेश सिंह हजारी, महामंत्री सुनील ठाकुर,जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह राजपूत, कार्यवाहक अध्यक्ष धन सिंह राजपूत, नगर अध्यक्ष बबलू ठाकुर, युवा अध्यक्ष त्रिवेंद्र सिंह राजपूत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ठाकुर, पथरिया पार्षद यशपाल सिंह ठाकुर, दमोह नगर पालिका उपाध्यक्ष विक्रम सिंह ठाकुर, डॉ रवि ठाकुर, डॉ महेंद्र सिंह राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी नगर भरत सिंह उपाध्यक्ष राकेश सिंह राजा ठाकुर और करणी सेना के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश सिंह परिहार, क्षत्रिय करणी सेना जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह परिहार, दमोह ब्लॉक अध्यक्ष मयंक मयंक सिंह तोमर युवा उपाध्यक्ष धीरज सिंह परिहार रणवीर सिंह हजारी अनुज सिंह परिहार नीरज ठाकुर राहुल परिहार स्वराज सिंह राणा जसवंत परिहार उमेश सिंह परिहार राहुल परिहार जितेंद्र चौहान राम राजा परिहार आदि प्रमुख लोग शामिल थे। ज्ञापन के माध्यम से दी गई चेतावनी ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी गई है कि यदि दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई तो राजपूत क्षत्रिय समाज और करणी सेना आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी।

## मीडिएशन फॉर नेशन अभियान के तहत किया जावेगा प्रकरणों का निराकरण

**दमोह।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष पी.सी.गुप्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के कुशल मार्गदर्शन में सर्वोच्च न्यायालय के अधीन मीडिएशन एवं सुलह प्रोजेक्ट कमेटी एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली ने 01 जुलाई 2025 से 90 दिवसीय मीडिएशन फॉर नेशन अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत न्यायालयों में लंबित समझौता योग्य प्रकरणों (वैवाहिक मामले, सिविल मामले, शमन योग्य आपराधिक मामले, विद्युत चोरी के मामले, चैक अनादरण के मामले, मोटर दुर्घटना क्लेम केसेस आदि)का निराकरण मध्यस्थता प्रक्रिया के माध्यम से किया जाना है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में दमोह के समस्त न्यायालयों में लंबित समझौता योग्य प्रकरणों को मध्यस्थता प्रक्रिया के माध्यम से निराकृत किए जाने का प्रयास किये जा रहे है। इस संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने समस्त न्यायिक अधिकारियों को मीडिएशन कार्यवाही के माध्यम से निराकृत किए जा सकने वाले प्रकरणों को चिन्हित कर मीडिएशन कार्यवाही के लिए रेफर किये जाने के निर्देश दिए गये है। सचिव ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ला, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि जिला प्राधिकरण द्वारा ग्रामों, जनपद पंचायतों इत्यादि में आयोजित होने वाले विधिक जागरूकता शिविरों में भी मीडिएशन फॉर नेशन अभियान के संबंध में आमजन को जानकारी दी जाकर उनके लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों को मीडिएशन के माध्यम से निराकृत किये जाने के प्रयास किये जाकर मीडिएशन के लाभों से भी अवगत कराया जा रहा है।

## पंडा बाबा बना जन आकर्षक का केंद्र



**तेंदूखेड़ा।** बारिश के बाद नदीयो एवं नए-नए झरने भी आकर्षण का केंद्र बन जाते हैं लेकिन नगर से लगभग 15 किलोमीटर दूर दमोह जबलपुर मार्ग से लगभग 500 मीटर दूरी पर जंगल में पंडा बाबा एक वह स्थान है जहां पर बारहमास छोटे कुंड में पानी रहता है जिसको पीने के बाद मन को एक अलग प्रकार की शांति प्राप्त होती है। लोग बताते हैं कि इस स्थान पर पांडव आकर रुके थे जिससे इस स्थान का नाम पंडा बाबा पड़ा गर्मियों में आसपास की क्षेत्र में जब पानी की समस्या उत्पन्न होती है तो लगी इसी स्थान का सहारा लेकर पानी की समस्या से निजात पाते है। बरसात के समय यहां पर स्थित कुंड पर झरने के नजारे में प्रकृति की सुंदरता में चार चांद लगा दिये। ग्राम पंचायत सहजपुर के समीप पंडा बाबा का कुंड वैसे तो अपने आप में अपनी अलग पहचाना बनाए हुए है। एक ओर जहां मकर संक्रांति पर यहां विशाल मेले का आयोजन किया जाता है, तो वहीं इस कुंड पर बारिश में देखने का नजारा लोगों को अपनी ओर आकृषित करता है। यहां लगने वाले मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का पूजन करते हैं। भंडारा पिकनिक का आयोजन भी यहां लोग करते हैं बारिश के समय कां पर प्राकृतिक झरना आकर्षण का केंद्र बिंद्ध होता है। यहां प्रतिदिन समीपस्थ ग्रामों के अलावा जिले के अन्य क्षेत्रों से भी लोग लुत्फ उठाने पहुंचते है। ऐसा कहा जाता है कि पांडवों ने अज्ञात वास का कुछ समय यहां पर बिताया था। इस स्थान पर आने पर लोगों की मन में एक विशेष आस्था जागृत होती है साथ ही यहां के मनोरम दृश्य और भगवान के दर्शन के लाभ प्राप्त होते हैं।

## चौरसिया समाज की बैठक में नागपंचमी मनाने बनी रुपरेखा

**दमोह।** चौरसिया समाज की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आने वाली नाग पंचमी पर्व चौरसिया दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाने पर समस्त स्वाजातीय बंधुओं द्वारा विचार विमर्श किया गया जिसमें 29 जुलाई 2025 दिन मंगलवार को दोपहर 12 बजे जगदीश व्यायाम शाला में श्री हनुमान जी का पूजन दोपहर 12 बजे वाहन रैली 3 बजे मंचासीन कार्यक्रम जिसमें समाज के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान सेवा निवृत्त बंधुओ का सम्मान समाज के विकास वक्तव्य एवं 8वी,10वी,12वीं, स्नातक एवं स्तकोत्तर छात्र/छात्राओं को प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार वितरण किया जाएगा। 2024 एवं 2025 में दिवंगत हुई स्वाजातीय बंधुओ को सामूहिक श्रद्धांजलि दी जाएगी तब पश्चात प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। बैठक में बिहार, छोटू, देवकी, लखन, आदित्य, मनीष, महेश, रूपनारायण, एचएल चौरसिया मुकेश नरोत्तम उमाशंकर मोनू संतोष राजेश शिवा सत्येन्द्र प्रमोद अमृत लाल कमलेश एवं राजेश ठेकेदार की उपस्थिति रही। उमाशंकर चौरसिया ने कार्यक्रम में सभी स्वाजातीय बंधुओ से उपस्थित रहने का आग्रह किया संगठन में ही एकता होती है।

## कलस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन



**दमोह।** सीबीएसई द्वारा स्कूल के छात्रों के लिए कलस्टर स्तर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन सीहोर में किया गया जिसमें टाईम्स पब्लिक स्कूल के छात्रों ने इस प्रतियोगिता में उत्साह के साथ भाग लिया। सीहोर में आयोजित इस खेल प्रतियोगिता में टाईम्स पब्लिक स्कूल के कक्षा 6 वी व 7 वी के छात्र हीरांश दुबे और चित्रांश कुर्मी ने टेबिल टेनिस में भाग लेकर उपविजेता बने। इस अवसर पर संस्था के संचालक महोदय सुशील गुप्ता एवं शाला के प्राचार्य अजय मिश्रा ने खेल शिक्षक शहवाज अली और अंजली शर्मा के साथ छात्रों का उत्साहवर्धन कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएँ प्रदान की।

# बारिश में खिल उठा चूड़का सिद्ध धाम का झरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

घुटकुंवा और हरदुआ मार्ग से हटकर रेलवे फाटक से होकर घने जंगलों से घिरा हुआ है यह झरना, सिद्धेश्वर भगवान की तपोभूमि चुडका सिद्ध धाम के नाम से क्षेत्र भर की प्रमुख आस्था का केंद्र है। बरसात में इसकी खूबसूरती बढ़ जाती है, जिसका नजारा देखकर आपका दिल खिल उठेगा। वैसे तो जिले के जबेरा जनपद में अनछुए झरने हैं जिन्हें प्रकृति ने बड़े ही खूबसूरत तरीके से नवाजा है। ऐसे कई झरने हैं जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। वैसे तो यहां वियावन जंगलों में जहां दूर-दूर तक कोई जलस्त्रोत नहीं है, लेकिन इस



स्थान की महिमा कहें या फिर सिद्धों का चमत्कार कहा जाए, यहां विशालकाय चट्टानों से बूंद-बूंद पानी 12 महीने गिरता रहता है, लेकिन बरसात में इसकी खूबसूरती पर चार चांद लग जाते हैं। लोग इसका नजारा देखने पहुंच रहे हैं। विशालकाय चट्टानों से गिरती जलधारा का झरना मन को आनंदित कर देता है, जिसका प्राकृतिक सौंदर्य बारिश के इन दिनों निखर आया है। यहां का प्राकृतिक सौंदर्य अपने अद्भुत नजारे के लिए जाना जाता है पंडित ऋषिकांत गर्ग बताते है सिद्धेश्वर भगवान का चमत्कारिक स्थान होने की वजह से चूड़का सिद्ध धाम को प्राकृतिक सौंदर्य और आस्था का अद्भुत संगम भी कहा जाता है। इसके प्राकृतिक सौंदर्य को निहारने एवं भगवान सिद्धेश्वर के दर्शनों के लिए बारिश के समय लोग पहुंचते हैं, लेकिन विशालकाय चट्टानों से गिरती जलधारा की वजह से फिसलन का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए सावधानी रखना भी बेहद जरूरी हो जाता है।

## विश्व इमोजी दिवस मनाया




**दमोह।** विश्व इमोजी दिवस के अवसर पर टाईम्स पब्लिक स्कूल के किन्डर गार्टन विभाग में विभिन्नि प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस प्रकार की गतिविधि का मुख्य उद्देशिय छात्रों को न केवल मनोरंजन प्रदान करता है बल्कि, उन्हें इमोजी के महत्व को समझाना और उनके माध्यम से भावनाओं की अभिव्यक्ति को सरल बनाना है। इमोजी किस प्रकार हमारे संवाद को रोचक भावनात्मक और प्रभावी बनाते हैं। इस श्रंखला में विद्यार्थियों ने मोबाइल के अधिक उपयोग से होने वाली हानि को नाटक द्वारा प्रस्तुत किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने फैन्सी ड्रेस में अलग-अलग इमोजी बनकर प्रदर्शन किया हमारे विद्यालय के आर्ट एण्ड क्राफ्ट शिक्षक अभिषेक मुण्डा ने छात्रो को विभिन्न प्रकार के इमोजी बनाना सिखाये इसके पश्चात छात्रों ने रंग बिरंगे इमोजी की तरह अपने चहरें के भावो को अभिव्यक्त किया। कार्यकम को सफल बनाने में किन्डर गार्टन की समन्यवक श्रीमति सूर्या ठाकुर और समस्त शिक्षिकों का सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### पीओएस मशीनों का हुआ वितरण

**दमोह।** उप संचालक कृषि ने बताया जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दमोह के सभागार में इंडियन पोटाश लिमिटेड (IPL) कंपनी द्वारा उर्वरक शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया उर्वरक वितरण हेतु नए L1 वर्जन की POS मशीनों का वितरण प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों, डबल लॉक केंद्रों एवं निजी विक्रेताओं को किया गया।

### मंदिर ट्रस्ट कमेटी बांदकपुर की व्यवस्थाओं संबंधी बैठक हुई

**दमोह।** श्रावण मास के चलते बांदकपुर श्री देव जागेश्वर नाथ जी का जलाभिषेक करने आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इस संबंध में मंदिर ट्रस्ट के द्वारा लगातार बैठकर की जा रही हैं ट्रस्ट के प्रवक्ता आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि ट्रस्ट के द्वारा श्रद्धालुओं को विशेष व्यवस्था मुहैया कराई जा रही है स्वच्छ जल ठहरने की व्यवस्था एवं दर्शन से संबंधी जितने भी जरूरी व्यवस्थाएं हैं सभी व्यवस्थाएं ट्रस्ट द्वारा कराई जा रही है।

## हटा नाके पर नए बिजली कनेक्शन के बदले रिश्वतखोरी, लोकायुक्त ने पकड़ा

# बिजली विभाग के लाइनमैन को 6000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दमोह

स्मार्ट मीटर को लेकर चर्चाओं में चल रहे बिजली विभाग के एक लाइनमैन को सागर लोकायुक्त की टीम ने 6000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रानी हाथों पकड़ने के बाद में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत कार्यवाही की है। गुरुवार दोपहर निरीक्षक रोशनी जैन के नेतृत्व में सागर से दमोह पहुंची लोकायुक्त की टीम ने विद्युत वितरण कंपनी के लाइनमैन कुलदीप राजपूत को 6000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों धर दबोचा। दरअसल हटा नाका स्थित एक किराए की दुकान पर बिजली



कनेक्शन करने के लिए महेंद्र सिंह ने एक आवेदन किया गया था। जिसका सर्वे करने के लिए पहुंचे विद्युत वितरण कंपनी के लाइनमैन कुलदीप सिंह राजपूत ने विद्युत कनेक्शन से लेकर मीटर लगाने की कार्यवाही तक के बदले में 6000 रुपए रिश्वत की मांग की थी। जिसकी शिकायत सागर लोकायुक्त एसपी के समक्ष की गई थी। शिकायत की पुष्टि करने के बाद आज सागर लोकायुक्त की टीम दमोह पहुंची और लाइनमैन कुलदीप को 6000 की रिश्वत लेते पकड़ने में देर नहीं की गई। बाद में कुलदीप को सागर नाका पुलिस चौकी ले जाकर आगे की कार्यवाही की गई। फिलहाल यह पता नहीं लग सका है कि कनेक्शन के बदले में ली जाने वाली रिश्वत की रकम कुलदीप अकेला ही हजम करता था या फिर उसके साथ विभाग के अन्य लोग भी इसमें भागीदार रहते थे। मामले में विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा की जा रही है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण: दमोह सहित चार निकाय की रैंकिंग गिरी, हटा का अच्छा प्रदर्शन

**दमोह।** स्वच्छता और सफाई जन स्वास्थ्य और शहरी विकास के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। 2014 में शुरू किया गया भारत का स्वच्छ भारत मिशन, देश के शहरों और कस्बों में स्वच्छता और सही प्रबंधन में सुधार लाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास रहा है। गुरूवार को स्वच्छा सर्वेक्षण 2024-25 के नतीजों को घोषित किया गया जिसमें दमोह जिले की पांचों निकाय में से चार नगरों में स्वच्छता की रैंकिंग खराब रही है। दमोह, पथरिया, पटेरा, तेंदूखेड़ा, हिण्डोरिया की रैंकिग पिछले वर्ष से भी खराब रही है जबकि हटा की रैंकिंग पिछले वर्ष की तुलना में काफी अच्छी रही है। हटा नगर पालिका ने पिछले वर्ष की तुलना में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। पूरे देश में 55 वें स्थान पर आया है जबकि पिछले वर्ष 266 वें स्थान पर था। हटा प्रदेश स्तर पर 97 नंबर पर है। दमोह नगर पालिका की वर्ष 2025 में राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग 310 रही जबकि प्रदेश स्तर पर 344 रही जबकि पिछले वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर 98 एवं प्रदेश स्तर पर 27 थी। तेंदूखेड़ा नगर परिषद की वर्ष 2025 में राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग 622 रही जबकि प्रदेश स्तर पर 350 रही जबकि पिछले वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर 578 एवं प्रदेश स्तर पर 271 थी। हिण्डोरिया नगर परिषद की वर्ष 2025 में राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग 545 रही जबकि प्रदेश स्तर पर 335 रही जबकि पिछले वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर 466 एवं प्रदेश स्तर पर 225 थी। पटेरा नगर परिषद की वर्ष 2025 में राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग 607 रही जबकि प्रदेश स्तर पर 345 रही जबकि पिछले वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर 156 एवं प्रदेश स्तर पर 128 थी। हटा में गत वर्ष की तुलना में कुछ सुधार हुआ जबकि अन्य निकायों की स्थिति स्वच्छता में खराब हुई है। स्वच्छता मानकों का आकलन और प्रोत्साहन देने के सबसे महत्वपूर्ण साधनों में से एक है स्वच्छ सर्वेक्षण, जो आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (MoHUA) द्वारा आयोजित एक वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण है। यह सर्वेक्षण शहरी स्थानीय निकायों (ULB) का मूल्यांकन स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन, नागरिकों की प्रतिक्रिया और स्वच्छता में नवाचारों सहित कई मानदंडों पर करता है।

### राष्ट्रीय स्तर में 689 व प्रदेश में 363 वां नंबर पर नगर परिषद पथरिया

पथरिया। राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण सूची 2025 जारी हुई जिसमें नगर परिषद पथरिया राष्ट्रीय स्तर पर में 689 व प्रदेश स्तर पर 363 वां नंबर पर रही जबकि वर्ष 2024 में राष्ट्रीय स्तर पर 325 में व प्रदेश स्तर में 161 में नंबर पर था। मतलब पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष साफ सफाई में ध्यान नही दिया गया। देश के शहरी विकास मंत्रालय द्वारा हर वर्ष स्वच्छता सर्वेक्षण कराया जाता है जिसमें नगर के लोगों से साफ सफाई के बारे में फीडबैक लिया जाता है उसके आधार पर सर्वेक्षण किया जाता है लेकिन नगर परिषद द्वारा पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष बेहतर तरीके से कार्य नही करा पाई जिससे रैंकिंग में पहले से अच्छा प्रदर्शन नही दिखा पाए।

## सड़क और पुलिया निर्माण की रखी मांग

**दमोह।** जिले की हटा तहसील की ग्राम पंचायत गरेंह के ग्राम बिछवा निवासियों ने कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को सड़क मार्ग की समस्या से अवगत कराया। कलेक्टर श्री कोचर ग्राम बांसन से मतदान केन्द्र का निरीक्षण कर लौट रहे थे।



कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि ग्राम पंचायत गरेंह में बिछवा गांव है, उस गांव के रहवासी रास्ते में मिले थे, उन्होंने बताया कि तीन महीने पहले ग्राम बिछवा जाने-आने का कोई रास्ता नहीं था, इसीलिए ग्रामवासियों ने अपना कॉन्ट्रिब्यूशन करके लगभग 1-1.5 किलोमीटर मार्ग की जमीन ग्रामवासियों ने खरीदी है और अब ग्रामवासियो कि डिमांड है कि उस पर सड़क और पुलिया का निर्माण हो जाए। कलेक्टर श्री कोचर ने इस संबंध में सी.ई.ओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया है कि एक प्राक्कलन पूरा तैयार करा लें और फिर इस संबंध में जनप्रतिनिधियों से चर्चा करके और अन्य योजनाओं के अंतर्गत इसकी क्या व्यवस्था हो सकती है, प्रयास करेंगे कि इस संबंध में कोई व्यवस्था हो जाये और यदि यहाँ से कोई व्यवस्था नहीं होती तो शासन स्तर पर स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजा जायेगा।

# नवागत एएसपी ने छात्रों को साइबर क्राइम और नशे से बचने जागरूक किया

बटियागढ़। विद्यार्थियों को साइबर क्राइम और नशे से बचने की जानकारी देने के लिए एडिशनल एसपी बटियागढ़ के शासकीय माडल स्कूल पहुंचे। नशा मुक्त अभियान में उप पुलिस अधीक्षक सुजीत सींग भदोरिया ने इस दौरान विद्यार्थियों को साइबर क्राइम और नशे के बचने की विस्तार से जानकारी दी। उप पुलिस अधीक्षक भदोरिया ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि नशा मनुष्य के शरीर को अंदर से खोखला कर देता है। नशा करने वाले व्यक्ति को समाज व परिवार में कोई भी मान सम्मान नही करता है। उन्होंने कहा कि नशे से शरीर का नुकसान होने के अतिरिक्त पैसों की भी बर्बादी होती है। नशा करने वाले व्यक्ति का ध्यान अपराध की तरफ बढ़ता है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे नशे से दूर रहकर पढ़ाई के साथ साथ खेलों में हिस्सा लेकर जीवन को सवारें। वहीं अपने परिवार में भी नशे से दूर रहने को कहें। और अगर कोई नशे की गिरफ्त में आ गया है तो उसे नशे से बाहर निकलने को कहें।समाज के अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने बारें प्ररित करें। जिला व गांव को नशा मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करें। उप पुलिस अधीक्षक सुजीत सींग भदोरिया ने साइबर अपराध पर जानकारी देते हुए बताया कि तकनीकी के इस युग में हर कोई मोबाइल कंप्यूटर से जुड़ा हुआ है। इंटरनेट की इस दुनिया में साइबर अपराधी भी तरह तरह हथकंडे अपनाकर लोगों के साथ ऑनलाइन ठगी की वारदातों का अंजाम दे रहें है। कभी फेसबुक का फर्जी अकाउंट बनाकर, अकाउंट को हैक कर आपके परिचितों को



बीमारी का बहाना बनाकर हॉस्पिटल में एडमीट होने की बात कहकर पैसों की डिमांड करते है। फेसबुक के माध्यम से फ्रेंड बनकर वॉट्सअप के माध्यम से वीडियों कॉल कर न्यूड वीडियों बना ब्लैकमेल करते है। इस प्रकार के साइबर अपराधियों से बच कर रहें। क्योकि आज का युग रिकॉर्डिंग व स्क्रीन शार्ट का है अगर किसी से भी कोई बात करते हो तो सोच समझकर करें। अपने बैंक खाता की जानकारी किसी को भी मोबाइल के माध्यम सें न दें। किसी भी अंनजान व्यक्ति के द्वारा की गई कॉल पर विश्वास न करें इसके साथ ही किसी संस्था बारे जानकारी लेने के लिए टोल फ्री नम्बर को गुगल पर सर्च न करें। संस्था से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए उसकी वेबसाइट पर जाए। बहुत बार ऐसा होता है कि साइबर क्राइम के जरिए आपके बैंक खाते में से पैसे निकाल लिए जाते हैं, और हमे पता भी नहीं होता की वह व्यक्ति कौन है। उन्होनें कहा कि आप अपने बटियागढ़ के थाने में पहुंच कर बिजिट करें, जानकारी ले। उप पुलिस अधीक्षक भदोरिया ने इस दौरान विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा की पूरी मेहनत व लगन के साथ पढ़ाई करें। अपना लक्ष्य निर्धारित करें। बुराईयों से दूर रहकर सफलता हासिल करें। कार्यक्रम में नवागत बटियागढ़ थाना प्रभारी सुधीर कुमार बैगी, माडल स्कूल प्राचार्य अर्जुन पटेल, रवी तिवारी, प्रधान आरक्षक नीरज रावत सहित स्कूल स्टाफ, पुलिस स्टाफ छात्र छात्राओं की मौजूदगी रही।

### संभागीय सह प्रभारी नियुक्त

**दमोह।** मध्यप्रदेश अजाक्स के प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमान जे एन कांसोटिया (अपर मुख्य सचिव) गृह विभाग मध्यप्रदेश शासन के द्वारा संचालित अजाक्स चला गांव की ओर, अजाक्स निःशुल्क कोचिंग सेंटर, घर-घर अम्बेडकर घर-घर संविधान, जागो समाज जागो, रोजी रोटी अभियान जैसी विभिन्न गतिविधियों में दमोह से श्रेष्ठ कार्य करने बाले डॉ मोहन सिंह आदर्श पूर्व जिला अध्यक्ष अजाक्स दमोह को प्रदेश अजाक्स कार्यकारणी में एग्जीकेटिव मेंबर के साथ सागर संभाग में सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिसपर अजाक्स व दमोह के समस्त कर्मचारी जगत के साथ आम लोगों में ख़ुशी का माहौल व्याप्त है।

## गैसाबाद पहुंचे कलेक्टर, मतदान केंद्रो का लिया जायजा



**गैसाबाद।** जिले के कलेक्टर सुधीर कोचर ग्राम गैसाबाद पहुंचे जहां पर उन्होंने आगामी 22 जुलाई को गैसाबाद जनपद क्षेत्र क्रमांक 16 के सदस्य पद हेतु होने वाले उपचुनाव के मतदान केंद्र ग्राम का हाई स्कूल एवं ग्राम बलैह के शासकीय स्कूल का निरीक्षण कर मतदान केंद्रो की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ख्याल रखे जाने की बात कही इस दौरान हटा एसडीएम एवं चुनाव रिटर्निंग अधिकारी राकेश मरकाम प्रभारी तहसीलदार शिवराम चाडर पुलिस एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन जनपद सीईओ संजीव गोस्वामी थाना प्रभारी प्रीति पांडे प्रधान आरक्षक अरविंद तिवारी सहित अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही ,कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने हरिभूमि संवाददाता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव को बताया कि मतदान केंद्र पर मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएं इसी उद्देश्य को लेकर आज मतदान केंद्रा का भ्रमण किया गया है।

# अतिथि शिक्षकों ने ई-अटेंडेंस के विरोध में दिया ज्ञापन

तेंदूखेड़ा। शिक्षा विभाग के द्वारा जैसे ही आदेश किया कि 18 जुलाई से सभी शिक्षकों एवं अतिथि शिक्षकों को ई-अटेंडेंस के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी जो भी शिक्षक ई- अटेंडेंस के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराएगा उसका मानदेय काट लिया जाएगा। अतिथि शिक्षकों के द्वारा इसी आदेश को ध्यान में रख देते हुए ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नितेश पांडे को आवेदन दिया है जिसमें उन्होंने कुछ शर्ते रखी हैं अपनी शर्तो में अतिथि शिक्षकों का कहना है कि हमें नियमित शिक्षकों की तरह अवकाश का प्रावधान होना चाहिए । समान कार्य समान वेतन होना चाहिए । बीमा का प्रावधान होना चाहिए । एंड्राइड मोबाइल हेतु राशि उपलब्ध कराई जानी चाहिए क्योंकि बहुत सारे अतिथि शिक्षकों के पास एंड्रॉयड मोबाइल नहीं है और अटेंडेंस ऐप चलाने के लिए एंड्राइड मोबाइल का होना अनिवार्य है और यदि किसी के पास एंड्रॉयड मोबाइल है भी तो वह कई दिनों तक बैलेंस नहीं डलवाते हैं और अटेंडेंस के लिए नेट जरूरी होता है जिसके लिए रिचार्ज होना जरूरी है साथ ही उनका कहना है कि ई- अटेंडेंस एप्प का उपयोग सिर्फ नियमित शिक्षकों पर लागू होना चाहिए अतिथि शिक्षकों पर नही क्योंकि अतिथि शिक्षकों को उनके बराबर सुविधा उपलब्ध नहीं होती हैं जबकि नियमित शिक्षक और अतिथि शिक्षकों का कार्य समान है अतिथि शिक्षकों ने कहा है कि जिस दिन भी अतिथि शिक्षकों को नियमित शिक्षकों के बराबर सुविधा वेतनमान शासन देने लगेगा हम सभी अतिथि शिक्षक ई-अटेंडेंस से अपनी उपस्थिति दर्ज करने लगेंगे। अतिथि शिक्षकों के ज्ञापन में ब्लॉक महिला मोर्चा अध्यक्ष मालती लोधी ,रेखा खरे ब्लॉक अध्यक्ष उमाशंकर चौकसे ब्लॉक उपाध्यक्ष सुखराम अहिरवार कोषाध्यक्ष राहुल साहू सचिव ऋषि साहू ब्लाक प्रवक्ता शैलेंद्र राय मीडिया प्रभारी दीपेश कटारे सैकड़ो की तादाद में अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नीतेश पांडे का कहना है कि यह जिला शिक्षा अधिकारी का आदेश है और ई-अटेंडेंस का सभी को पालन करना चाहिए।

## पुलिस चौकी नरसिंहगढ़ की हालत जर्जर, बरसाती डालकर चल रहा काम

नरसिंहगढ़। अधिक बारिश होने के कारण पुलिस चौकी नरसिंहगढ़ की बिल्डिंग में छत से पानी टपक रहा है। कर्मियों ने आपस में चंदा करके प्लास्टिक की बरसाती बिल्डिंग के ऊपर डलवा दी ताकि उन्हे काम करने में कोई परेशानी न हो। यह बिल्डिंग लगभग 1982 में सीमेंट फैक्ट्री नरसिंहगढ़ द्वारा बनवाई गई थी। बताया जाता है उसे समय स्वर्गीय बैजनाथ श्रीवास्तव नरसिंहगढ़ के सरपंच थे तब से यह बिल्डिंग बनी हुई है। इस बिल्डिंग के ऊपर मिट्टी के खपरा छपे हुए हैं । पुरानी बिल्डिंग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। इसके बाद भी पुलिस चौकी स्टाफ यही निवास करता है। चौकी प्रभारी को निवास के लिए आवास कॉलोनी में दिया गया है जो सीमेंट फैक्ट्री द्वारा बनाई गई थी। बाकी पुलिस स्टाफ इसी पुलिस चौकी बिल्डिंग में रहता है। कई बार इस बिल्डिंग को लेकर नेताओं से भी कहा गया लेकिन अभी तक नेताओं के द्वारा कोई आश्वासन नहीं दिया है जबकि इसमें लगभग 30 से 40 गांव पुलिस चौकी के अंतर्गत आते है। इस संबंध में पुलिस चौकी नरसिंहगढ़ प्रभारी प्रशित कर्मी ने बताया जब बारिश होती है तो बहुत ही दिक्कत होती है। जिस समय काम करने बैठे और तभी बारिश चालू हो जाती है काम नहीं कर पाते। नवीन बिल्डिंग बनना जरूरी है अन्यथा इसी की मरम्मत कराई जाये।



## घटेरा में हादसा: मालगाड़ी से टकराकर व्यक्ति की मौत

**बनवार।** कटनी बीना रेलवे सेक्शन दमोह के घटेरा में एक व्यक्ति की मालगाड़ी से टकराने से मौत हो गई। मृतक की पहचान चतुर्भुज नारायण शर्मा उम्र 62 वर्ष के रूप में हुई है, जो मानसिक रूप से विक्षिप्त थे। घटना बुधवार गुरुवार की दरम्यानी रात अप रूट की मील लाइन के किमी क्रमाक 1152/13 में हुई। मृतक के शरीर में गंभीर चोटें आईं, जिसमें बाएं पैर की पिंडली कटकर कुचल गई और सिर में चोट आने से अधिक खून बह गया। जीआरपी पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव कब्जे में लेते हुए पंचनामा कार्यवाही कर शव पीएम के लिए दमोह भेज दिया। कार्यवाही में जीआरपीएफ एएसआई महेश कुमार, प्रधान आरक्षक भानू प्रताप सिंह राजपूत और जीआरपी सानू खान, ललित पटेल की उपस्थिति रही।

# मासिक बैठक में लिये महत्वपूर्ण निर्णय, हाईस्कूल राजाबंदी में करेंगे वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पटेरा

श्री बडे बाबा जैन मिलन शाखा पटेरा कुंडलपुर की मासिक बैठक नमन मोटर्स शोरूम में शाखा अध्यक्ष अध्यक्ष नरेन्द्र जैन बजाज की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ महावीर प्रार्थना से किया गया। इस माह जुलाई में वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रमुखता के साथ करना है। इसके तहत समीपी हाईस्कूल राजाबंदी में 19 जुलाई शनिवार को वृक्षारोपण करने का निर्णय लिया गया। प्राचार्य मुकेश गूजरे ने मिलन शाखा को अपनी सहमति प्रदान की। प्रति वर्ष आयोजित किये जाने वाला प्रतिभा सम्मान समारोह अगस्त माह में आयोजित करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। इस वर्ष छह हाईस्कूल एवं दो सेकेण्डरी स्कूल टापरों को भी सम्मानित किया जायेगा जिसकी घोषणा पूर्व में की गई थी। बृहद सामूहिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लेकर



एक उपसमिति का गठन किया गया। 20 जुलाई को गढाकोटा पटेरिया जी में आयोजित प्रथम क्षेत्रीय कार्यकारिणी की बैठक में शामिल होने का निर्णय किया गया।

### शाखा के शिक्षक सदस्यों का किया सम्मान

गुरू पूर्णिमा पर्व के तहत प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी शिक्षकों का सम्मान किया गया। शाखा के शिक्षक सदस्यों में तीन सेवानिवृत्त शिक्षक महेश जैन, निर्मल जैन, देवेन्द्र जैन एवं चार वर्तमान में कार्यरत शिक्षक गोकुलचंद जैन, पंकज जैन, अमित जैन, एवं राजेन्द्र जैन है जिनमें उपस्थित सभी शिक्षक सदस्यों का शाखा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने दुपट्टा, माला व तिलक लगाकर सम्मान किया। संचालन महेश जैन व आभार राजेन्द्र बजाज ने माना। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों में अध्यक्ष नरेन्द्र बजाज, महेश जैन, राजेन्द्र राही, नीलेश सराफ, जितेन्द्र बडकुल, राजेन्द्र बजाज, पंकज जैन, प्रशांत जैन, राजेश सेठ, गोकलचंद जैन, ज्ञानचंद जैन सहित सदस्यगण शामिल रहे।

# विद्युत विभाग की बड़ी कार्यवाही,घरों से हीटर जप्त किए



**सिंग्रामपुर** ।पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के वितरण केंद्र जबेरा ने आज अधीक्षण अभियंता सुभाष नागेश्वर एवं कार्यपालन यंत्री एम एल साहू के निर्देशन में ग्राम भाट खमरिया और विजय सागर में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें कार्यवाही वितरण केंद्र प्रभारी महेश कुमार महतो कनिष्ठ अभियंता द्वारा की गई जिसके अंतर्गत 11 उपभोक्ताओं के घरों से चेकिंग के दौरान हीटर जप्त किए और विद्युत चोरी संबंधी प्रकरण भी बनाए गए । वितरण केंद्र जबेरा के कनिष्ठ अभियंता महेश कुमार महतो ने बताया कि आए दिन विद्युत केबिलों और ट्रांसफार्मर के जलने की शिकायतें आ रही थी जिसके अंतर्गत आज विद्युत चैकिंग की कार्यवाही शुरू की गई है आगे इस तरह की कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी । समस्त उपभोक्ताओं से अपील है कृपया हीटर का उपयोग न करें हीटर के उपयोग करने से विद्युत केबिल तो जल ही रही है साथ ही ट्रांसफार्मर भी बहुत जल रहे है अपने बकाया बिधुत बिलों का समय पर भुगतान करे ताकि किसी भी प्रकार की कार्यवाही से बचे रहे । चैकिंग की कार्यवाही में विद्युत विभाग जबेरा के महेश कुमार महतो के साथ द्वारका पटेल,आशिक खान, संदीप पटेल, टीकाराम पटेल, गोविंद पटेल, चंदन लोधी, रवि पटेल ,अमन दुबे एवं अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही ।

# आधा दर्जन स्थानों पर दबिश देकर की 184 पाव देशी शराब बरामद

**हटा।** अनुविभाग में पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हटा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्रो में विभिन्न गांवों में दबिश देकर अवैध शराब विक्रय को पकड़ने में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। हटा पुलिस टीम ने विभिन्न ग्रामों में मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर रसोटा गांव में यशवंत कुर्मी से 43 पाव सफेद शराब, बोरीकला में मनोज रैकवार से 26 पाव प्लेन शराब, विक्रम सिंह लोधी निवासी



लुहर्रा से 30 पाव लाल शराब,गोविंद सिंह निवासी लुहारी से 21 पाव शराब,यशवंत सिंह निवासी लुहारी से 22 पाव देशी शराब और धर्मेंद्र अहिरवार निवासी मझगंवा से 42 पाव लाल मसाला शराब इस प्रकार कुल 184 पाव देशी शराब जब्त की गई जब्त शराब की कीमत करीब 18000/- बताई गई है, हटा थाना पुलिस ने सभी आरोपियों पर 34 आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए हैं। हटा थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस ने छापामार कार्यवाही की है, थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत जारी दिशा निर्देशों के तहत दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिह भदोरिया के सख्त निर्देशन में एसडीओपी हटा प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन में नशे के खिलाफ यह अभियान केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज को नशे के जाल से मुक्त कराने की ठोस पहल है। थाना प्रभारी ने आमजन से अपील की है कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की नशे से संबंधित गतिविधि की जानकारी हो, तो उसे तुरंत और गोपनीय रूप से पुलिस को सूचित करें। नशा मुक्त हटा क्षेत्र की दिशा में यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।कार्यवाही में सहायक उपनिरीक्षक पवन तिवारी, आरक्षक

**इस्तहार**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संजय जैन पिता विमलचंद जैन वार्ड क्रमांक 04 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र 73 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्र 73 वार्ड क्रमांक 04 श्रीमति सुहागरानी पिता विमलचंद जैन का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन/प्लाट के हस्तांतरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह आपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनाक 16/07/25 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**

**इस्तहार**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अमर सिंह पिता कल्याण सिंह वार्ड क्रमांक 01 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र 95/1/2 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्र 95/1/2 वार्ड क्रमांक 01 श्री कल्याण सिंह पिता चित्तर सिंह का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन/प्लाट के हस्तांतरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह आपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनाक 16/07/25 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**

**इस्तहार**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शरीफ शाह पिता मजीद शाह वार्ड क्रमांक 09 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र 714/7 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्र 714/7 वार्ड क्रमांक 09 श्रीमति सीराबाई पति रमेश शर्मा का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन/प्लाट के हस्तांतरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह आपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनाक 16/07/25 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**